हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा
विभागीय परीक्षा सत्र, अप्रैल, 2015

पेपर नम्बर–2 व 4 **हिन्दी**

समय 2 घन्टे अंक: 60

नोट : –

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रत्येक प्रश्न के अंक कोष्ठक में दिये गये हैं।

प्रश्न–1 निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का हिन्दी में अनुवाद कीजिये:–

Books are the chief source that provide knowledge, information and entertainment to our mind. The books brighten our ideas and ennobles our soul. These help in removing our monotony from life. People think that they can get more knowledge from the T.V. and the films but it is an absurd thinking. The best knowledge is stored in books written by master-minded geniuses. These are our best guides and honest friends. The best experiences of great academicians, scholars, scientists and the man of genious are transferred to us only through books. If we develop a good taste for reading books, we can bring a commendable change in our life style. The books provide a better fodder to our soul and training to our mind. We can make proper use of our leisure. We become wise, intelligent and thoughtful. Let us resort to books to widen our horizons. (15 अंक)

प्रश्न– 2 निम्नलिखित गद्ययाश की सरल हिन्दी में व्याख्या करें।

देश विदेश की यात्रा की ललक के पीछे भी मनुष्य की जिज्ञासु प्रवृति ही काम करती आई है। देश–देशान्तर की संस्कृति, सभ्यता, प्राकृतिक सौन्दर्य, ऐतिहासिक एवं भौगोलिक विशेषताओं के प्रत्यक्ष ज्ञान की जिज्ञासा ही उसे घर के ऐशो– आराम, सुख सुविधा छोड़कर अनजान, दुर्गम एवं बीहड़ रास्तों पर घुमाती रही है। यदि मनुष्य चाहता तो वह घर बैठे ही पुस्तकों द्धारा यह जानकारी प्राप्त कर लेता, किन्तु पुस्तकों से प्राप्त जानकारी का आनन्द कुछ ऐसा ही होता है जैसे किसी चित्र को देखकर हिमालय के घने देवदार के वनों एवं हिमगिरि के उत्तुंग शिखर के सौन्दर्य, रूप, गंध का अनुभव करना। यदि आदिम पुरूष एक जगह, नदी व तालाब के किनारे एक ही स्थान पर पडा रहता, तो हमारी दुनिया आगे नहीं जा पाती। महापंडित राहुल सांस्कृत्यायन के शब्दों में "घुमककड़ दुनियाँ की सर्वश्रेष्ठ विभुति है। इसलिए कि उसी ने आज की दुनिया को बनाया है। अगर घुमक्कड़ों के काफिले न आते जाते, तो सुस्त मानव – जातियाँ सो जातीं और पशु स्तर से उपर नहीं उठ पातीं " पर्यटन, घुमक्कड़ी का ही आधुनिक नाम है। आज के पर्यटन के पीछे भी मनुष्य की पुरानी घुमक्कड़, प्रवृति का प्रभाव है। आज के पर्यटन में इतना अन्तर अवश्य है कि आज पर्यटन इतना कष्ट साध्य नहीं है जितनी घुमक्कड़ी थी (10 अंक)

कृ.प.उ.

प्रश्न–3 हिन्दी के "नवभारत टाईम्स" समाचार –पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिये जिसमें देश में लड़कियों की घटती जनसंख्या पर चिन्ता प्रकट की गई हो।

(10 अंक)

प्रश्न–4 निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों के अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग करें:–

(1) बाग–बाग होना।
(2) साँप को दुध पिलाना।
(3) आम के आम गुठली के दाम।
(4) खोदा पहाड़ निकली चुहिया।
(5) दीपक तले अन्धेरा।

(5 अंक)

प्रश्न–5 निम्नलिखित के लिये एक शब्द लिखें:–

(1) जो दुसरों के दोष निकालता हो।
(2) जो सब जगह विद्यमान हो।
(3) जिसको देखा न जा सके।
(4) जो कम बोलता हो।
(5) जिसके समान कोई दुसरा न हो।

(5 अंक)

प्रश्न–6 निम्नलिखित के कम से कम तीन–तीन पर्यायवाची शब्द लिखें:–

(1) सूर्य
(2) आकाश
(3) गणेश
(4) पृथ्वी
(5) जल

(5 अंक)

प्रश्न–7 निम्नलिखित में से किन्हीं <u>पाँच</u> शब्दों के अर्थ लिखें:–

(1) Ab initio
(2) Analogy
(3) Nutrition
(4) De- valuation
(5) Advalorem
(6) Status quo
(7) Corrigendum

(5 अंक)

प्रश्न–8 निम्नलिखित को शुद्ध रूप में लिखिये:–

(1) म्रिग
(2) अहार
(3) कृप्या
(4) स्वास्थ
(5) परसिद्ध

(5 अंक)

------------------------; --